




एक नजर में



### दि ऑक्सफोर्ड स्कूल, में लगा ईपीएफओ कैम्प

**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में ईपीएफओ कैम्प एवं सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय से आए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में धर्मेन्द्र शर्मा तथा विजय बिजलानी ने छात्रों एवं शिक्षकों को भविष्य निधि की महत्ता एवं इसके लाभों के बारे में जानकारी देते हुए समझाया कि ईपीएफओ योजना न केवल कार्यरत कर्मचारियों के लिए उपयोगी है, बल्कि यह युवाओं को अपने भविष्य के प्रति सजग बनाती है और बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने अतिथिगण का ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया. यह सेमिनार विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ.



### करंट लगने से घायल युवक को नौकरी देने की मांग

**सीहोर.** विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण 11 केवी की हाईटेंशन बिजली लाईन के टूटे तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को सरकारी नौकरी और शासन की ओर से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है. ग्रामीणों ने बताया कि अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश मेवाड़ा गत दिवस रास्ते पर टूटकर नीचे गिरे बिजली के हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था. अभिषेक को बिलकिसगंज अस्पताल ले जाया गया था यहां से डाक्टर ने भोपाल रेफर कर दिया था करंट लगने से अभिषेक के हाथ का पंजा कट गया है. युवक के शरीर पर भी गंभीर चोट है चलने फिरने में भी असमर्थ है. प्रशासन को ज्ञापन देते समय ओमप्रकाश मेवाड़ा, सीताराम मेवाड़ा, कमल मेवाड़ा, विनायक मेवाड़ा, अरुण मेवाड़ा, संतोष विश्वकर्मा, उमेश मेवाड़ा, राहुल राजपूत, आशीष शर्मा, गुलाब मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, बलवीर मेवाड़ा, प्रेम कुर्मी, विकास मेवाड़ा, नारायण मेवाड़ा, संतोष मेवाड़ा, सचिन मेवाड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे.




### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने किए महाकाल के दर्शन

**सीहोर.** शहर के संकल्प वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए. समाजसेवी अनिल राय और परिजनों ने वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को प्रदेश के प्रसिद्ध श्री महाकाल उज्जैन के लिए रवाना किया. तीन दर्जन से अधिक वृद्धजनों में वरिष्ठ गोपी वर्मा, धर्मेन्द्र राय, आयुष गुप्ता, भगवती प्रसाद शर्मा, शंकर, सुरेश, गुलाब सिंह, चंदर सिंह, राजाराम, रेनू, अलका, गीता, अशोक राय, मोनू बाई, भूपेन्द्र, कमला अम्मा, सुरज अम्मा, मालती अम्मा, मीना, कलावती अम्मा, द्रौपती, कृष्णा, आकाश राय, कमलेश राय, अजय शर्मा, तुलसीराम सहित अन्य बुजुर्ग शामिल थे.



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया 38वां स्थापना दिवस

**सीहोर.** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 38वें स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने किया. काशवी व्यास द्वारा सरस्वती नृत्याराधना प्रस्तुत की गयी. प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत पौधे व स्मृति चिह्न देकर किया. बच्चों द्वारा स्वागत गीत और विद्यालय गीत की अभिव्यंजना व सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी. अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गयी विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बच्चों को टापर्स को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया एवं प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव को सर्वोच्च उत्कृष्ट सूचकांक के लिए ट्रॉफी प्रदान की. वरिष्ठ रसायन शास्त्र शिक्षिका श्रीमती रचना गुप्ता को भी उनके विषय की सर्वोच्च अंक सूचकांक हेतु प्रमाणपत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय से देश का नाम ऊंचा करने की अभिप्रेरणा दी. मंच संचालन का सफल दायित्व श्रीमती स्मिता भारती के मार्गदर्शन में नवीं एवं 11 वीं की छात्राओं पाखी सुमन व अंकिता राठौर ने निभाया. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित रहा. अंत में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सोनिया वाजपेयी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया.

### ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिए व्याख्यान

**शाहगंज.** शासकीय महाविद्यालय बकतरा में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसका विषय नई शिक्षा पद्धति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता था. प्राचार्य डॉ. अंजुम अंसारी ने नई शिक्षा नीति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व और मुख्य लक्ष्य पर प्रकाश डाला. मुख्य वक्ता डॉ. अभिनय ठाकुर ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्य, अनुसंधान पद्धतियों का अवलोकन, एनईपी 2025 में वैश्विक शिक्षा रुझान और विजन के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया. अगले चरण में द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. विपुल श्रीवास्तव ने शिक्षा क्षेत्र को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका और एनईपी 2020 में एआई की मुख्य चुनौतियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा चौहान एवं आभार डॉ. इंदर सिंह यादव द्वारा व्यक्त किया गया.

# आंदोलनकारी आदिवासियों को मिला शिवराज का साथ

## बुधवार को भैरूंदा में हजारों आदिवासियों ने किया ऐतिहासिक प्रदर्शन, मंच से केन्द्रीय मंत्री ने दी अधिकारियों को सख्त चेतावनी

- वन विकास निगम ने थमाए थे आदिवासियों को नोटिस
- शिवराज ने दिया आश्वासन, नहीं होने देंगे जमीन से बेदखल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर. जिले के समीपस्थ भैरूंदा तहसील मुख्यालय पर हजारों आदिवासियों ने अपने परिवारों के साथ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया. प्रदेश सरकार से जंगल, जमीन और जल के अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे हजारों आदिवासियों को पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का साथ मिला.उन्होंने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं. मैं मुख्यमंत्री से बात करूंगा और आदिवासियों को उनका हक दिलवाऊंगा. आदिवासियों के हक और सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा.**

गौरतलब है कि वर्षों से वन भूमि व वन विकास निगम की जमीन पर खेती करते आ रहे आदिवासियों को वन विकास निगम ने नोटिस थमाते हुए उनसे जमीन पर कब्जे संबंधित दस्तावेज मांगे हैं. इसके बाद से आदिवासियों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. अपने अधिकारों की रक्षा के लिए वह बुधवार को भैरूंदा की सड़कों पर उतर आए. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जंगल, जमीन और जल के अधिकारों की सुरक्षा की मांग की. वह अपने साथ परिवार की महिलाओं और बच्चों को भी लेकर आए थे. आदिवासी समाज के नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं लिया तो यह आंदोलन व्यापक रूप लेगा.

बुधवार को आदिवासियों द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस व प्रशासन काफी मुस्तैद रहा. सेमलपानी जोड़ से लेकर दशहरा मैदान तक निकाली गई ऐतिहासिक रैली के कारण नगर के प्रमुख मार्गों पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे. दशहरा मैदान पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि हम आदिवासियों के खिलाफ कोई अन्याय नहीं होने देंगे। नया कब्जा नहीं किया जाएगा, लेकिन पुराने कब्जों को वैधता दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा. श्री चौहान ने कहा कि वर्षों से काबिज आदिवासी परिवारों को धनतेरस के दिन नोटिस थमाना अन्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा वन विभाग के अधिकारी ध्यान दें, पुरानी काबिज जमीनों पर समय पर बुवाई होगी. यह जमीनें इन परिवारों के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई का सहारा हैं. ऐसा नहीं चलेगा कि दीपावली के दिन गरीबों के घर आंसू बहें. केन्द्र और राज्य दोनों जगह हमारी सरकार है, गरीबों का नुकसान बर्दाश्त नहीं होगा. कार्यक्रम के समापन पर आदिवासी प्रतिनिधियों ने वन मण्डल अधिकारी और एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बेदखली की कार्रवाई रोकने और भूमि पर खेती करने की अनुमति देने की मांग की गई. इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ भाटी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, निर्मला बारेला, देवीसिंह धुर्वे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.






**भैरूंदा.** बुधवार को आदिवासियों द्वारा किए गए प्रदर्शन में उनके परिवार की महिलाएं व बच्चे भी हाथों में तख्तियां लेकर आए थे. इस मौके पर शिवराजसिंह चौहान ने मंच पर आदिवासियों द्वारा लाए गए भोजन को भी ग्रहण किया.

### आदिवासियों ने बताई अपनी दो सूत्रीय मांगें

प्रदर्शनकारी आदिवासियों ने बताया कि बुधनी, इछावर और खातेगांव विधानसभा के आदिवासी लोग सालों से वन विभाग और वन विकास निगम की भूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं लेकिन अब उन्हें खेती से रोका जा रहा है. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वन मित्र पोर्टल पर लंबित दावे बुजुर्गों के कथन के आधार पर शीघ्र निराकृत किए जाए. जिले में प्रस्तावित अभयारण्य पर सरकार ने फिलहाल अस्थाई रोक लगाई है, लेकिन आदिवासी समाज की मांग है कि इसे पूर्णत: निरस्त किया जाए, क्योंकि इससे उनके परंपरागत निवास और खेती पर असर पड़ेगा.

### इनकी आंखों में तो शिवराज खटक रहा है

कार्यक्रम के दौरान शिवराज ने भावुक होते हुए कहा जहां पूरा देश दीवाली की खुशियां मना रहा था, वहीं इन बहन-बेटियों की आंखों में आंसू थे. अधिकारियों ने गलत किया, इनके बच्चों को हाय लगेगी. इनकी आंखों में तो शिवराज खटक रहा है. कृषिमंत्री ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बुधनी क्षेत्र की जमीनों पर कुछ बड़े लोगों की नज़र है. यह अमीर लोग जंगल क्षेत्र में रिसॉर्ट बनाना चाहते हैं. जब अमीरों को जमीन चाहिए तो तुरंत मिल जाती है, लेकिन गरीब आदिवासी अपनी झोपड़ी बनाना चाहते हैं तो नोटिस दे दिए जाते हैं. ये अन्याय बंद होना चाहिए. उन्होंने आदिवासी समुदाय से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा एक लकड़ी अलग होगी तो टूट जाएगी, लेकिन गट्ठा बने रहोगे तो कोई नहीं तोड़ पाएगा. शिवराज आज है, कल नहीं रहेगा, इसलिए अपने हक की लड़ाई खुद लड़ना सीखो. गांव-गांव टीम बनाओ और एक-दूसरे की मदद करो. इस अवसर पर उन्होंने आदिवासियों के साथ मंच पर भोजन किया व युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की.

# विद्यालयों में आज लगेगा एफएलएन मेला

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर.** भाषा कौशल विकास एवं गणितीय संख्या ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य सेपढ़ाई के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने और रोचकता लाने के लिए जिले के सभी 1986 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन किया जाएगा.

मेले में बच्चों को एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा. इसका उद्देश्य कक्षा 1 और 2 के छात्रों की शारीरिक, बौद्धिक, भाषा और गणितीय दक्षताओं का मूल्यांकन करना है. यह मेला 3 चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों की शैक्षिक प्रगति को समझने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. बच्चों का मूल्यांकन उनके रिपोर्ट कार्ड से किया जाएगा. इसके साथ ही समुदाय की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि स्थानीय स्तर पर इन बच्चों के शैक्षिक सुधार को बढ़ावा मिल सके. एफएलएन मेला के माध्यम से बच्चों को उनकी व्यापक क्षमताओं के अनुसार प्रगति का अवसर मिलेगा.

जिला परियोजना समन्वयक आरआर उईके द्वारा सभी शाला प्रभारियों से कहा है कि वह अपने विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों के समूह की उपस्थिति में सुनिश्चित करें, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाई जा सके.

# सांकेतिक धरना देकर नागरिकों ने मांगा सर्विस रोड

- हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस लेन की मांग
- तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कराया मांगों से अवगत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर.** ब्रिज कार्पोरेशन और रेल्वे विभाग द्वारा हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रेल्वे क्रासिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज अनियमितताओं को लेकर विवादों में है. बुधवार को अनेक कॉलोनी के वरिष्ठ लोगों ने ओवर ब्रिज के पास सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन लेने पहुंचे तहसीलदार ने निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड को लेकर निरीक्षण किया. कालोनी के लोगों ने मांग की है कि निर्माणाधीन ब्रिज के कारण क्रासिंग से भोपाल की ओर उत्तर दिशा स्थित लगभग 5 हजार कॉलोनीवासियों का एक मात्र पहुंच मार्ग बंद हो गया है। विभाग द्वारा पूर्व से कोई प्लानिंग नहीं की गई है, तथा एक स्तर हीन एवं अमानक पहुंच मार्ग बनाया गया जिससे आए दिन दुर्घटनाये हो रही हैं. ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण किया जाए.

समिति के घनश्याम गुप्ता एवं मनोज गुजराती ने बताया कि प्रभावित कॉलोनियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु, उक्त स्वीकृत राशि से सर्विस रोड का निर्माण होना है. इस राशि का कहीं अन्यत्र उपयोग न हो यह निर्देश जारी किया जाए. साथ ही इस हेतु प्रस्तावित लेआउट तत्काल तैयार करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया जाए ताकि कॉलोनी वासियों को ब्रिज निर्माण के पहले सर्विस रोड निर्मित होकर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु मार्ग मिल सके.




# पटेलों को पहले की तरह ही मिलें उनके अधिकार

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 29 अक्टूबर.** तीन जिले के पटेल संघ पदाधिकारी की संयुक्त बैठक गत दिवस आयोजित की गई.

जिसमें शासन प्रशासन से मांग की गई कि पूर्व की तरह पटेलों को अधिकार दिए जाएं. ताकि वह ग्राम स्तर पर ही छोटे वाद विवाद का निराकरण करा सकें. क्योंकि पूर्व में भी पटेलों को वाद विवाद के साथ वसूली जैसे अधिकार मिले हुए थे लेकिन वर्तमान सरकार ने पटेल संघ को बहाल तो किया लेकिन अभी तक अधिकार नहीं दिए. ऐसे में यह बहाली कहां तक उचित है. पटेल संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत, प्रदेश सचिव विश्वनाथ नागपुरे, नरेंद्र सिंह पटेल, हरिशंकर पटेल, शिवराम पटेल, जगदीश पटेल, दौलत राम पटेल, कैलाश खंडेलवाल, महेंद्र सिंह पटेल, हेमराज पटेल, विजय सिंह पटेल, रमेश चंद पटेल, रेवाराम पटेल, नंदकिशोर पटेल, करण सिंह भाटी, सुरेश खंडेलवाल, सहित बड़ी संख्या में पटेल संघ के पदाधिकारी शामिल थे.




## स्थापना दिवस पर होगा कलेक्ट्रेट में समारोह

**सीहोर.** शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 01 से 03 नवंबर तक स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम 01 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया जाएगा. जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने आयोजन की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है, इसी प्रकार तहसीलदार नगर डॉ अमित सिंह को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है.

# जनपद में लगा दिव्यांग परीक्षण शिविर

नवभारत न्यूज

**आष्टा 29 अक्टूबर.** एक वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु के सभी दिव्यांग बच्चों का परीक्षण शिविर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की मौजूदगी में जनपद पंचायत भवन में आयोजित हुआ.

इस अवसर पर मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार असहाय, गरीब नागरिकों की सेवा के लिए कृत संकल्पित है.दिव्यांगजनों के लिए यह शिविर वास्तविकता में संजीवनी की तरह कारगर साबित होगा, क्योंकि दिव्यांग बच्चों को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल तक ले जाना एक गरीब परिवार के लिए कठिन कार्य होता है. शिविर में जितने भी दिव्यांगजनों ने अपना परीक्षण करवाया है उन सभी को 30 नवंबर तक चिन्हांकित बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा यूडीआईडी नंबर दिया जाएगा, समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने बताया शिविर को सफल बनाने में महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयूष विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सम्मलित है जो बच्चे 1 से 18 वर्ष तक की आयु प्राप्त कर चुके है और दिव्यांग है उन्हें लाभान्वित करने का काम कर रहे है. इस अवसर परकमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ.सलीम खान, दीपाली सोलंकी, धर्मेन्द्र दिसावरी, सुरेश सेन मौजूद थे.

धार्मिक

**कुबेरेश्वर धाम में अन्नकूट की प्रसादी लेने देश के कोने- कोने से आए हजारों श्रद्धालु**

# बृजधाम बने कुबेरेश्वर धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर.** हर साल की तरह कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें बृजधाम की झलक दिखाई दी. मंदिर परिसर में भव्य रूप से गोवर्धन और 56 भोग से गिरिराज की झांकी के समक्ष सजाए गए थे. दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांटा गया, हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे.

महा प्रसादी में 56 प्रकार के भोग लगाए गए. इस मौके पर सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की थी. शिव महापुराण के पश्चात मंदिर परिसर में अन्नकूट की झांकी सजाई. यहां पर डेढ़ लाख श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया.

परम्परानुसार सुबह कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा सहित विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर के विशाल हाल में अन्नकूट दर्शन का आयोजन किया गया. उसके बाद गौ माता एवं गोवर्धन नाथ की आरती के पश्चात बाबा गोवर्धन नाथ जी एवं कुबेरेश्वर महादेव का प्रसादी का वितरण किया गया. यह सिलसिला लगातार आठ घंटे से अधिक समय तक जारी रहा. इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.

सुबह से ही यहां पर समिति के कार्यकर्ताओं ने गिरिराज जी के समक्ष छप्पन प्रकार से अधिक व्यंजनों का भोग लगाया गया था. इस भोग में पोषक तत्वों वाली खाद्य सामग्री शामिल की गई. इनमें करीब एक दर्जन से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रकार की मिठाईयों के अलावा औषधीय सामग्री जैसे तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी आदि के पकवान शामिल थे. भगवान की पूजा के बाद



विभिन्न मिश्रित सब्जियों, पूड़ी, कढ़ी, खीर, सेवा-नुक्ती आदि भोजन के अलावा प्रसादी का वितरण किया गया. दोपहर से चले इस भव्य अन्नकूट उत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. भागवत भूषण पंडित मिश्रा ने कहा कि श्री कृष्ण को अन्नकूट का प्रसाद चढ़ाएंगी तो ये आपके लिए विशेष फलदायी होगा.

## स्वच्छता अभियान की उड़ा रहे धज्जियां

**इछावर.** शासन स्वच्छता अभियान के तहत हर वर्ष लाखों रुपए हर ग्राम पंचायत को साफ सफाई करने के लिए फंड देती है और फंड ग्राम पंचायत के खाते में भी डालता है पर जिम्मेदार हैं कि इस फंड से साफ-सफाई न कराते हुए निकाल लेते हैं ऐसे ही मामला सामने आया ग्राम बिजीशनगर का जहां पर स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां. ग्राम में नहीं हो रही साफ सफाई. कई सीसी रोड की नाली चौक हैं. जिससे कई तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है इसी प्रकार में मार्केट में भी शुल्क तो वसूला जाता है पर साफ सफाई नहीं हो रही है. इधर ग्राम पंचायत सचिव सुनील जायसवाल का कहना है कि हम गांव में नियमित साफ सफाई करवाते हैं.